**टीके की जानकारी का वक्तव्य**

# रोटावायरस टीका: *आपको जो जानने की जरूरत है*

Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

टीके की जानकारी के कई वक्तव्य हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.immunize.org/vis देखें

## 1. टीकाकरण क्यों करवाएं?

**रोटावायरस टीका रोटावायरस रोग को** रोक सकता है।

रोटावायरस के कारण आमतौर पर तीव्र, पनीले दस्त, अधिकतर शिशुओं और छोटे बच्चों में होते हैं। रोटावायरस से पीड़ित बच्चों में उल्टी और बुखार भी आम हैं। बच्चे निर्जलीकृत हो सकते हैं और उनको अस्पताल में भर्ती कराने की जरूरत हो सकती है और मर भी सकते हैं।

## 2. रोटावायरस टीका

रोटावायरस टीका बच्चे के मुंह में बूंदें डाल कर दिया जाता है। उपयोग किए गए टीके के ब्रांड के आधार पर शिशुओं को रोटावायरस टीके की 2 या 3 खुराकें मिलनी चाहिए।

- पहली खुराक 15 सप्ताह की आयु से पहले दी जानी चाहिए।
- अंतिम खुराक 8 महीने की आयु तक दे दी जानी चाहिए।

रोटावायरस टीका प्राप्त करने वाले लगभग सभी शिशु तीव्र रोटावायरस दस्तों से सुरक्षित हो जाएंगे।

"पोर्सीन सर्कोवायरस" नामक एक अन्य वायरस रोटावायरस टीके के एक ब्रांड (Rotarix/रोटारिक्स) में पाया जा सकता है। यह वायरस लोगों को संक्रमित नहीं करता है, और इसका कोई ज्ञात जोखिम नहीं है।

रोटावायरस के टीके को अन्य टीकों के साथ दिया जा सकता है।

## 3. अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से बात करें

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएं यदि टीका लेने वाले व्यक्ति को:

- **रोटावायरस के टीके की पिछली किसी खुराक के बाद एलर्जी प्रतिक्रिया हुई थी,** या उसे कोई **गंभीर, जीवन के लिए खतरनाक एलर्जी है**
- **उसकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है**
- उसे **सीवियर कंबाइन्ड अमियूनोडेफिसिएंसी है** (severe combined immunodeficiency, SCID)
- एक प्रकार की आंत्र रुकावट हुई है जिसे "**अंतःक्षेपण**" कहा जाता है

कुछ मामलों में, आपके बच्चे का स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता रोटावायरस के टीकाकरण को किसी भविष्य की मुलाकात तक के लिए स्थगित कर सकता है।

सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों वाले शिशुओं का टीकाकरण किया जा सकता है। जो शिशु मध्यम या गंभीर रूप से बीमार हैं उन्हें आम तौर पर रोटावायरस का टीका लेने से पहले ठीक होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

आपके बच्चे का स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

## 4. टीके के लिए प्रतिक्रिया के जोखिम

- रोटावायरस के बाद चिड़चिड़ापन या हल्के, अस्थाई दस्त या उल्टी हो सकती है।

अंतःक्षेपण एक प्रकार की आंत्र रुकावट है जिसका इलाज अस्पताल में किया जाता है और इसके लिए सर्जरी की आवश्यकता हो सकती है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में हर साल कुछ शिशुओं में स्वाभाविक रूप से होता है, और आमतौर पर इसका कोई ज्ञात कारण नहीं होता है। आमतौर पर टीके की पहली या दूसरी खुराक के एक सप्ताह के भीतर, रोटावायरस टीकाकरण से अंतःक्षेपण का एक छोटा सा जोखिम भी होता है। यह अतिरिक्त जोखिम 20,000 अमेरिकी शिशुओं में लगभग 1 से लेकर 100,000 अमेरिकी शिशुओं में से 1 तक होने का अनुमान है, जिन्हें रोटावायरस वैक्सीन मिलती है। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

जैसा कि किसी भी दवा के साथ होता है, इस बात की बहुत कम संभावना होती है कि किसी टीके से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर चोट या मृत्यु होती हो।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

## 5. यदि कोई गंभीर समस्या होती है तो क्या होगा?

अंतःक्षेपण के लिए, जोर से रोने के साथ पेट दर्द के लक्षण देखें। प्रारंभ में, ये एपिसोड कुछ ही मिनटों तक चल सकते थे और एक घंटे में कई बार आ और जा सकते थे। शिशु अपने पैरों को अपनी छाती तक खींच सकते हैं। आपका शिशु भी कई बार उल्टी कर सकता है या उसके मल में खून आ सकता है, या वह कमजोर या बहुत चिड़चिड़ा दिखाई दे सकता है। ये लक्षण आमतौर पर रोटावायरस वैक्सीन की पहली या दूसरी खुराक के बाद पहले सप्ताह के दौरान दिखाई देते हैं, लेकिन टीकाकरण के बाद किसी भी समय इन्हें देखें। अगर आपको लगता है कि आपके बच्चे को अंतःक्षेपण है, तो तुरंत स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें। यदि आप अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता तक नहीं पहुंच सकते हैं, तो अपने बच्चे को अस्पताल ले जाएं। उन्हें बताएं कि आपके शिशु को रोटावायरस टीका कब लगा था।

टीका लगाए गए व्यक्ति को क्लिनिक से चले जाने के बाद एलर्जी की प्रतिक्रिया हो सकती है। यदि आपको गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के संकेत (ददोरे, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी) दिखाई देते हैं, तो **9-1-1** पर कॉल करें और उस व्यक्ति को निकटतम अस्पताल ले जाएं।

आपको चिंतित करने वाले अन्य लक्षणों के लिए, अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं को वैक्सीन एडवर्स इवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (Vaccine Adverse Event Reporting System, VAERS) में रिपोर्ट करना चाहिए। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आम तौर पर यह रिपोर्ट जमा करेगा, या आप यह काम खुद भी कर सकते हैं। **www.vaers.hhs.gov** पर VAERS वेबसाइट पर जाएं या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS केवल प्रतिक्रियाओं को रिपोर्ट करने के लिए है, और VAERS के कर्मचारी चिकित्सीय सलाह नहीं देते हैं।*

## 6. नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम

नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम (National Vaccine Injury Compensation Program, VICP) एक संघीय कार्यक्रम है जो उन लोगों को मुआवजा देने के लिए बनाया गया था जो कुछ प्रकार के टीकों से जख्मी हो सकते हैं। टीकाकरण के कारण लगने वाली कथित चोट या मृत्यु के बारे में दावों को फाइल करने के लिए एक समय सीमा होती है, जो दो साल जैसी छोटी अवधि हो सकती है। प्रोग्राम और किसी दावे को भरने के बारे में जानने के लिए VICP वेबसाइट **www.hrsa.gov/vaccinecompensation** पर जाएं या **1-800-338-2382** पर कॉल करें।

## 7. मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

- अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से पूछें।
- अपने स्थानीय या राज्य के स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- टीके के पैकेज इनसर्टों और अतिरिक्त जानकारी के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) की वेबसाइट **www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines** पर जाएं।
- सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO)** पर कॉल करें या
  - CDC की वेबसाइट **www.cdc.gov/vaccines** पर जाएं।

Hindi translation provided by Immunize.org